प्रलिम्सि फैक्ट: 04 जनवरी, 2021

- नेंद्रन केला

नेंद्रन केला

Nendran Banana

हाल ही में वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (Council of Scientific & Industrial Research- CSIR)- अंतःविषय विज्ञान और प्रौद्योगिकी के लिये राष्ट्रीय संस्थान (**National Institute for Interdisciplinary Science and Technology-** NIIST) के वैज्ञानिकों ने **नेंद्रन केला** से एक नया उत्पाद **केला ग्रिट/ग्रैन्यूल्स** (**Banana Grit/Granules)** विकसित किया है।

//

केला ग्रिट के संबंध में:

- केला ग्रिट और इससे संबंधित उत्पाद पेट संबंधी रोगों के उपचार में सहायक हो सकते हैं तथा एक **स्वस्थ आहार के आदर्श घटक** हैं। यह अवधारणा केले में प्रतिरोधी स्टार्च की उपस्थिति का उपयोग करने के लिये प्रस्तुत की गई थी।
  - स्टार्च एक सफेद, दानेदार, कार्बनिक रसायन है जिसका निर्माण सभी प्रकार के हरे पौधों द्वारा होता है। यह एक**नरम**, **स्वादहीन पाउडर** है जो ठंडे पानी, एल्कोहल या अन्य विलायकों में अघुलनशील होता है।
  - मनुष्यों और अन्य जानवरों द्वारा पौधों से प्राप्त स्टार्च अपने घटक शुक्रोज अणुओं में टूट जाता है तथा उसके बाद ऊतकों को ऊर्जा की आपूर्ति करता है।

लाभ:

- केले के उत्पादों में विविधता लाकर किसान अपनी फसल की बेहतर कीमत प्राप्त कर सकते हैं।
- यह लोगों को स्वस्थ बनाए रखने और उनके कल्याण में मदद करेगा।

नेंद्रन केला (Nendran Bananas):

- चेंगाज़ीकोडन नेंद्रन केला, जिसे चेंगाज़ीकोडे केला के रूप में भी जाना जाता है, **केरल के त्रिशूर जिले** में सबसे लोकप्रिय पारंपरिक फलों में से एक है।
- **नेंद्रन केले** की यह किस्म इसके विशिष्ट स्वाद, गुच्छे के आकार और रंग के लिये प्रसिद्ध है।
- **इस फसल की खेती मुख्य रूप से जैविक तरीके से की जाती है और फसल की अवधि 13-14 माह है।**
- **केरल** में उगाए जाने वाले **चेंगाज़ीकोडे नेंद्रन केले** को वर्ष 2014 में भौगोलिक संकेत टैग (**Geographical indication- GI)** प्राप्त हुआ।
  - '**कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण**' (Agricultural and Processed Food Products Export Development Authority- **APEDA**) के अनुसार, जीआई टैग को अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में एक ट्रेडमार्क की तरह देखा जाता है।

- जीआई टैग ऐसे कृषि, प्राकृतिक या एक निर्मित उत्पादों की गुणवत्ता और विशिष्टता का आश्वासन देता है, जो एक विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्र में उत्पन्न होता है और जिसके कारण इसमें अद्वितीय विशेषताओं और गुणों का समावेश होता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-04-january-2021